Jagsonpal Pharmaceuticals Ltd
Corporate Office: Plot No. 412-415, Nimai Tower, 3rd Floor, Phase-IV, Udyog Vihar, Sector-18, Gurugram -122015, Haryana (India)
Ph.: +91 124 4406710; E-mail: info@jagsonpal.com; Website: www.jagsonpal.com
CIN. : L74899DL1978PLC009181

My Sakhi
A CSR Initiative

July 30, 2026

The Department of Corporate Services- Listing **BSE Ltd,** Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street Mumbai - 400 001 **Scrip Code: 507789**	The Department of Corporate Services- Listing **National Stock Exchange of India Ltd** Exchange Plaza, C-1, Block G, Bandra Kurla Complex, Bandra (E) Mumbai - 400 051 **Symbol: JAGSNPHARM**

Subject: Extract of Unaudited Financial Results – Copy of Newspaper Advertisement

Dear Sir/ Madam,

Pursuant to the provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of advertisement published on July 30, 2026, in 'Business Standard' (English) and 'Business Standard' (Hindi) newspaper providing Extracts of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2026.

We request you to take the above on record.

Thanking you,

For **Jagsonpal Pharmaceuticals Limited**

PRATHAM RAWAL
Digitally signed by PRATHAM RAWAL
Date: 2026.07.30 17:15:26 +05'30'

Pratham Rawal
Company Secretary & Compliance officer

Encl.: A/a

kissht

OnEMI TECHNOLOGY SOLUTIONS LIMITED

(Formerly known as OnEMI Technology Solutions Private Limited)
CIN: L72900MH2016PLC282573
Registered Office: 10[th] Floor, Tower 4, Equinox Park, LBS Marg, Kurla West, Mumbai - 400070, Maharashtra, India
Tel. No.: 022 69475600 | **Email:** compliance@kissht.com | **website:** www.kissht.com

STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (STANDALONE AND CONSOLIDATED) FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026

The Board of Directors of OnEMI Technology Solutions Limited ("**Company**") at its meeting held on Wednesday, July 29, 2026, approved the Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter ended June 30, 2026 along with Limited Review Report ("**Financial Results**"). The Financial Results are available on the website of stock exchanges at www.nseindia.com and www.bseindia.com and also posted on the website of the Company at www.kissht.com and the same can be accessed by scanning the Quick Response (QR) Code.

For OnEMI Technology Solutions Limited
(formerly known as OnEMI Technology Solutions Private Limited)
Sd/-
Ranvir Singh
Chairman, Executive Director and Chief Executive Officer
DIN: 06673951

Date: July 29, 2026
Place: Mumbai

PUBLIC NOTICE

We, **M/s. Stans Buildtech Realcon,** hereby bring to the kind notice of general public that the Environment Department, Government of Maharashtra has accorded Environmental Clearance for Proposed building and construction project at C. T. S. No. 2841/A (Part) of village malvani, at Malad-Marve Road, Malad (West), Mumbai-400095 by vide letter dated 24th July 2026 bearing file No. **SIA/MH/INFRA2/553145/2025,** EC Identification No. **EC25C3801MH5426300N.** The copy of the clearance letter is available at http://parivesh.nic.in.

M/s. Stans Buildtech Realcon.

FORM NO. URC-2

Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI of the Act
[Pursuant to section 374(b) of the Companies Act, 2013 and rule 4(1) of the Companies (Authorised to Register) Rules, 2014]

1. Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act, 2013, an application is proposed to be made to the Registrar of Companies at Mumbai, that M/s. Hamsa Jewellers, a Partnership Firm under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013, as a Private company limited by shares.
2. The principal objects of the company are as follows:
To Carry on business of wholesale & Retail trading, Import & export and manufacture of Gold, Silver, Platinum, Diamond ornaments and Jewellery, Precious metals, Precious Stones, Gem Stones, Imitation Jewellery, Fancy silver articles and utensils, Imitation Jewellery coated with Gold, Silver, Platinum, and any other business deemed fit shall also be carried on with the mutual consent of all the partners.
3. A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be inspected at the office No. 7, Johar Palace, 1st Floor, 299/301, Kalbadevi Road, Mumbai 400002.
4. Notice is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Central Registration Centre, Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6, 7, 8, Sector 5, IMT Manesar, District Gurgaon (Haryana), Pin Code- 122050 within twenty-one days from the date of publication of this notice, with a copy to the LLP at its registered office.
5. Dated this 30th day of July, 2026

FOR HAMSA JEWELLERS
(Partnership Firm)
HASMUKH M SATIKUVAR
PARTNER
DEVEN H SATIKUVAR
PARTNER

WAAREE ENERGIES LIMITED
BSE LISTED: 544277 | NSE LISTED : WAAREEENER

WAAREE® One with the Sun

Waaree 2.0

Accelerating Global Energy Transition



REVENUE FROM OPERATIONS **+79.22 %** Y-O-Y
OPERATING EBITDA GROWTH **+44.38 %** Y-O-Y
PAT GROWTH **+15.39 %** Y-O-Y

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026

(Amount in ₹ Crores)

S.No	Particulars	Consolidated				Standalone			
		Quarter Ended	Quarter Ended	Quarter Ended	Year Ended	Quarter Ended	Quarter Ended	Quarter Ended	Year Ended
		30-06-2026	31-03-2026	30-06-2025	31-03-2026	30-06-2026	31-03-2026	30-06-2025	31-03-2026
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total income	8,102.60	8,659.98	4,597.18	27,244.92	6,416.59	6,978.25	3,567.10	22,377.58
2	Profit for the period (before exceptional items and tax)	1,210.38	1,407.95	943.36	5,346.57	992.93	1,209.33	882.96	5,262.88
3	Profit for the period before tax (after exceptional items)	1,210.38	1,407.95	943.36	5,051.79	992.93	1,209.33	882.96	4,968.10
4	Net profit for the period after tax (after exceptional items)	891.87	1,126.26	772.89	3,884.15	739.10	933.56	659.89	3,762.46
5	Total comprehensive income for the period	891.91	1,131.10	760.99	3,882.03	739.09	934.04	660.14	3,762.38
6	Equity share capital (face value of ₹10/- each)	287.65	287.65	287.28	287.65	287.65	287.65	287.28	287.65
7	Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet				14,149.69				12,842.01
8	Earnings per equity share(face value of ₹10/- each) (not annualised for quarter)								
	(a) Basic (In ₹)	29.56	36.91	25.94	129.10	25.69	32.45	22.97	130.88
	(b) Diluted (In ₹)	29.50	36.84	25.84	128.84	25.65	32.42	22.88	130.62

Note :
1. The above financial results for the quarter ended June 30, 2026 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on July 29, 2026.
2. The above is an extract of detailed format of the financial results for the quarter ended June 30, 2026 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone and consolidated unaudited financial results for the quarter ended June 30, 2026 are available on www.waaree.com, www.nse.com and www.bseindia.com.

Scan This QR Code to Download The Un-Audited Financial Results for The First Quarter Ended June 30, 2026

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Hitesh P Mehta
Whole Time Director
(DIN 00207506)

Place: Mumbai
Date: July 29, 2026

Registered Office: 602, Western Edge-I, Off Borivali (E), Mumbai - 400066, Maharashtra, India | CIN:L29248MH1990PLC059463
Contact us : 1800 2121 321 022-69395500 investorrelations@waaree.com www.waaree.com

JAGSONPAL

Jagsonpal Pharmaceuticals Limited

CIN No:- L74899DL1978PLC009181
Registered Office:Innov8, 3rd Floor, Plot No.211, Okhla Phase-3, New Delhi– 110020
Website: www.jagsonpal.com, Email: cs@jagsonpal.com

QUALITY & TRUST 50+ Years Jagsonpal

Accelerating Growth Together

Financial Results Q1 FY'27

Revenue **9%** YoY
EBITDA **21%** YoY
PAT **22%** YoY

By order of the Board
For Jagsonpal Pharmaceuticals Limited
Sd/-
Manish Gupta
Managing Director

Date- July 29, 2026
Place- Gurugram

Scan to Download Financial Result

J&K Bank Serving To Empower | YOUR BANK SINCE 1938

THE JAMMU & KASHMIR BANK LIMITED
CIN : L65110JK1938SGC000048

Celebrating ₹ 3T TRUST TRADITION TRANSFORMATION THREE PILLARS ONE UNSTOPPABLE JOURNEY
TRILLION BUSINESS ₹ 3,000,000,000,000

One Bank
21 Million+ Accounts, 5000+ Touchpoints in 18 States & 4 UTs across the Country
Digital Banking | NRI Services | Retail Banking | SME Loans | Corporate Banking

FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30[TH] JUNE, 2026

KEY RATIOS Year-on-year (YOY)

Operating Profit Growth 4.50 % | Gross NPA 2.37 % | Net NPA 0.60 % | Capital Adequacy Ratio 16.67 % | Provision Coverage Ratio 90.53 %

(₹ in Lakh)

S. No.	PARTICULARS	STANDALONE				CONSOLIDATED			
		QUARTER ENDED				QUARTER ENDED			
		30.06.2026 (REVIEWED)	31.03.2026 (AUDITED)	30.06.2025 (REVIEWED)	31.03.2026 (AUDITED)	30.06.2026 (REVIEWED)	31.03.2026 (AUDITED)	30.06.2025 (REVIEWED)	31.03.2026 (AUDITED)
1	Total income from operations (net)	3,76,002	3,53,106	3,51,706	14,08,505	3,76,496	3,53,579	3,52,114	14,10,138
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	61,924	86,052	65,775	2,95,788	62,080	86,232	65,936	2,96,358
3	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items)	61,924	86,052	65,775	2,95,788	62,080	86,232	65,936	2,96,358
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items)	42,418	79,780	48,484	2,36,347	42,880	79,856	48,453	2,35,951
5	Total Comprehensive Income for the period {Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)}	Refer Note No. 2				Refer Note No. 2			
6	Paid up Equity Share Capital	11,013	11,013	11,013	11,013	11,013	11,013	11,013	11,013
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year				15,11,910				14,86,902
8	Securities Premium Account	2,91,950	2,91,950	2,91,950	2,91,950	2,91,950	2,91,950	2,91,950	2,91,950
9	Net Worth	15,57,738	15,04,586	13,54,962	15,04,586	15,36,769	14,97,916	13,30,506	14,97,916
10	Paid up Debt Capital/Outstanding Debt	2,38,100	2,38,100	2,38,100	2,38,100				
11	Outstanding Redeemable Preference Shares	-	-	-	-				
12	Debt Equity Ratio	0.15	0.16	0.18	0.16				
13	Total Debts to total assets	0.02	0.02	0.01	0.02				
14	Operating Margin (%)	18.70%	25.79%	19.13%	21.20%				
15	Net Profit Margin (%)	11.28%	22.59%	13.79%	16.78%				
16	Earnings Per Share (before extraordinary items) (₹ 1/- each) for continuing and discontinued operations								
	Basic : (* not annualized)	3.85*	7.24*	4.40*	21.46	3.89*	7.25*	4.40*	21.42
	Diluted : (* not annualized)	3.85*	7.24*	4.40*	21.46	3.89*	7.25*	4.40*	21.42
17	Capital Redemption Reserve	-	-	-	-				
18	Debenture Redemption Reserve	-	-	-	-				

Note :
1. The above is an extract of the detailed format of quarter and year ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and Regulation 52 of the SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarter and year ended Financial Results are available on the Stock Exchange websites. www.nseindia.com, www.bseindia.com and on Bank's website https://jkb.bank.in/Investor/financial-information/financial-results
2. Information relating to Total comprehensive Income and Other Comprehensive Income is not furnished as Ind AS is not yet made applicable to Banks.

For and on behalf of the Board
AMITAVA CHATTERJEE
Managing Director & CEO
DIN : 07082989

Place : Srinagar
Dated : 29[th] July, 2026

पेपर लीक रोकने का बिल लोस में पारित

राहुल गांधी के बयान पर लोक सभा में भारी हंगामा, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने दिया जवाब

अर्चिस मोहन

सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के बीच चली तीखी नोक-झोंक के बीच लोक सभा में बुधवार को प्रश्न पत्र लीक रोकने वाले दो वर्ष पुराने कानून में संशोधन करने वाला विधेयक पारित हो गया। इस विधेयक में सजा के प्रावधान और सख्त बनाए जाने का प्रस्ताव है। इस विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच लोक सभा में सरकार ने जोर देकर कहा कि पिछले सप्ताह प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में गोली नहीं चलाई गई थी।

दो वर्ष पुराने इस कानून में संशोधन करने वाले विधेयक में सजा के प्रावधान और सख्त बनाए जाने का प्रस्ताव है

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों से पता चलता है कि सरकार अनुभव से सीखने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों प्रश्न पत्र लीक के कारण आत्महत्याओं की घटनाएं कम हुई है। सिंह ने 27 जुलाई को 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पेश किया था।

इससे दो दिन पहले राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्न पत्र लीक होने के बाद देश भर में शुरू हुए विरोध के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने विरोध प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की थी।

सिंह ने कहा कि सरकार ने नीट पर्चा लीक मामले में तेजी से कार्रवाई की और वर्ष 2024 में कानून लागू होने के बाद अब तक 52 प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई हैं।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की ज्यादती और गोलीबारी की मंजूरी दी थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके मुख्य समर्थक आधार पर तंज कसते हुए गांधी ने कहा कि एक छात्र ने उन्हें बताया था कि लोगों की तीन श्रेणियां होती हैं। गांधी ने कहा कि उस छात्र के मुताबिक पहली श्रेणी में छात्र आते हैं, दूसरी में वे लोग हैं जो सोचते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं और भगवान होने का दिखावा करते हैं और तीसरी श्रेणी 'अंधभक्तों' की है जो दूसरी श्रेणी के लोगों को ही भगवान मानते हैं।

गांधी ने दावा किया कि गृह मंत्री लोक सभा में मौजूद नहीं हैं क्योंकि वह 'डरे हुए' हैं। सत्ता पक्ष ने उनकी इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर हस्तक्षेप किया और कहा कि चर्चा गृह मंत्री पर नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अपने आरोप साबित करने के लिए सबूत पेश करने चाहिए।


जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री


राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सदन में नोकझोंक

- राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री अमित शाह ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की ज्यादती की मंजूरी दी थी
- केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में कहा कि कोई गोली नहीं चलाई गई थी और केवल आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने मांग की कि गांधी माफी मांगें। गांधी की टिप्पणियों पर हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी और वह अपना भाषण पूरा नहीं कर सके। बाद में सदन में केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि कोई गोली नहीं चलाई गई थी और केवल आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया था।

बाद में संसद भवन परिसर में विपक्ष के नेता ने पत्रकारों से कहा, 'सिर्फ दो ही बातें हो सकती हैं। या तो गृह मंत्री ने (प्रदर्शनकारियों पर) गोली चलाने का आदेश दिया या फिर गृह मंत्री को पता ही नहीं था कि गोली चलेगी। पहली स्थिति में गृह मंत्री दोषी हैं। दूसरी स्थिति में वे अक्षम हैं। इसके अलावा कोई तीसरी बात नहीं हो सकती।'

लोक सभा में गांधी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रहा है और यह तय कर रहा है कि छात्रों को क्या पढ़ाया जाए। उन्होंने कहा, 'धर्मेंद्र प्रधान ने कभी शिक्षा मंत्रालय नहीं चलाया।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश के सभी विश्वविद्यालयों में आरएसएस के कुलपति हैं।

शाम को इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गृह मंत्री शाह को बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने 'पुलिस की बर्बरता' की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराने की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें लोक सभा में बोलने नहीं दिया गया और जब भी वे बोलने की कोशिश करते हैं तो उन्हें 'चुप करा दिया जाता है'। उन्होंने कहा, 'मैंने कहा कि जो बर्बरता हुई उसके लिए शाह जिम्मेदार थे। मुझे भरोसा दिलाया गया था कि अगर मैं माफी मांगूंगा तो मुझे बोलने दिया जाएगा। मैं भाजपा-आरएसएस से कभी माफी नहीं मांगूंगा।'

लोक सभा में अपने भाषण में जितेंद्र सिंह ने गांधी की आलोचना की और कहा कि कांग्रेस नेता को संसदीय नियमों और सरकार के कामकाज की जानकारी नहीं है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई के इस आरोप का जवाब देते हुए कि मासूम बच्चों पर अत्याचार और दमन किया गया सिंह ने कहा, 'बहुत संयम बरता गया और यह सुनिश्चित किया गया कि किसी की जान न जाए।'

प्रधानमंत्री के खिलाफ पोस्ट

एफआईआर दर्ज, एक्स से जानकारी मांगी

दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक पोस्ट डालने के आरोप में कई सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और 'एक्स' से इन अकाउंट के बारे में पूरी जानकारी मांगी है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह प्राथमिकी विशेष प्रकोष्ठ की 'इंटेलिजेंस फ्यूजन ऐंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस' (आईएफएसओ) इकाई द्वारा एक शिकायत के बाद दर्ज की गई है और इसने 'एक्स' को नोटिस भी जारी किया। साथ ही चिन्हित पोस्ट को हटाने या उन तक पहुंच को रोकने व जांच के लिए सभी संबंधित इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को सुरक्षित करने का निर्देश दिया है। 'एक्स को निर्देश दिया गया है कि वह नोटिस मिलने के तीन घंटे के भीतर इस सामग्री को हटाने या उस तक पहुंच बंद करे। साथ ही जांच के लिए संबंधित सभी डेटा, लॉग और अकाउंट से जुड़ी जानकारी सुरक्षित रखने को भी कहा गया है। 7 से 8 अकाउंट के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(3) (आपराधिक धमकी), 353(2) (झूठी जानकारी, अफवाहें, या चिंताजनक खबरें प्रसारित करना) और 356(2) (किसी व्यक्ति को बदनाम करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

फास्ट ट्रैक कोर्ट ने रिकॉर्ड पर लिया आरोपपत्र

परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य कदाचार से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बुधवार को नीट प्रश्नपत्र मामले में सीबीआई द्वारा दाखिल आरोप पत्र को रिकॉर्ड पर लिया। विशेष न्यायाधीश अनु ग्रोवर बालीगा ने 13 आरोपियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसी की ओर से दाखिल अंतिम रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लिया और इससे जुड़े अन्य दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय दे दिया।

सीबीआई ने अदालत को बताया कि करीब 20,000 पन्नों के दस्तावेज को स्कैन करने का कार्य किया जा रहा है और उन्हें तीन दिन बाद जमा किया जाएगा। इसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन अगस्त तक स्थगित कर दी। **भाषा**

आईआईएम-लखनऊ से पढ़े हैं पीऐंडजी के नए चेयरमैन

पृष्ठ 1 का शेष

जेजुरीकर जनवरी में सीईओ बनने से पहले मुख्य परिचालन अधिकारी के तौर पर कार्यरत थे। वह पीऐंडजी के एंटरप्राइज मार्केट्स (लैटिन अमेरिका, भारत, पश्चिम एशिया, अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और पूर्वी यूरोप) के लिए लाभ और हानि की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्होंने कंपनी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, वैश्विक कारोबारी सेवा, बिक्री एवं विपणन, खरीद, विनिर्माण, वितरण और नए कारोबार का नेतृत्व भी किया।

- **जेजुरीकर 1 अगस्त से बोर्ड के चेयरमैन का पदभार भी संभालेंगे**
- **वह फिलहाल पीऐंडजी के वैश्विक मुख्य कार्याधिकारी एवं अध्यक्ष हैं**
- **जेजुरीकर ने विकसित और विकासशील दोनों बाजारों में तमाम कारोबारों का नेतृत्व किया है**
- **वह आईआईएम लखनऊ से एमबीए पूरा करने के बाद 1989 में पीऐंडजी में शामिल हुए थे**

पिछले साल जब उन्हें पीऐंडजी में ग्लोबल सीईओ एवं अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया गया था तब उनके भाई राजेश जेजुरीकर ने अपने पिता की नौकरी के कारण देश भर में रहने के अपने बचपन के दिनों को याद किया था। उनके पिता आईसीआई पेंट्स (अब अक्जोनोबेल का हिस्सा) में काम करते थे। राजेश जेजुरीकर महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ (वाहन एवं फार्म सेक्टर) हैं। उन्होंने कहा था, 'हम हैदराबाद और मुंबई में रहे हैं। साथ ही छुट्टियों में कोलकाता और झारखंड में अपने पिता से मिलने भी जाते थे। हम दोनों औसत छात्र थे और हमने मुंबई में एक ही कॉलेज में पढ़ाई की है।' राजेश और शैलेश दोनों ने मुंबई के एल्फिंस्टन कॉलेज में पढ़ाई की। इससे पहले कि वे एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऐंड रिसर्च और आईएमएम, लखनऊ में एमबीए की पढ़ाई की। राजेश ने तब कहा था कि उनके भाई ने अपनी जड़ों से जुड़े रहने का प्रयास किया है।

पीऐंडजी ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि 30 से अधिक साल के दौरान जेजुरीकर ने विकसित और विकासशील दोनों बाजारों में तमाम कारोबारों का नेतृत्व किया। कंपनी ने कहा, 'उन्होंने खास तौर पर प्रॉक्टर ऐंड गैंबल के सबसे बड़े कारोबारी क्षेत्र फैब्रिक ऐंड होम केयर के सीईओ के रूप में काम किया है। इसमें टाइड, एरियल, डाउनी, गेन, फेब्रिज, स्विफर आदि पीऐंडजी के कई प्रतिष्ठित ब्रांड शामिल हैं। इसका कुल कंपनी की कुल बिक्री और शुद्ध आय में करीब एक तिहाई योगदान है।'

कंपनी ने कहा कि जेजुरीकर ने इस भूमिका में रहते हुए नवाचार (आरऐंडडी), आपूर्ति श्रृंखला, ब्रांड निर्माण और सेल्स के जरिये उद्योग स्तर के नतीजे और मूल्य सृजन करने वाली टीम का नेतृत्व किया।

पीऐंडजी ने आज वित्त वर्ष 2027 के लिए अनुमान जाहिर किया। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि वह कच्चे माल, ऊर्जा और परिवहन की ऊंची लागत के कारण करीब 1 अरब डॉलर का बोझ हो सकता है।

कंपनियों को नहीं मिल रहे कुशल पेशेवर

सिर्फ 9 फीसदी कंपनियां मानती हैं कि नए भर्ती होने वाले पेशेवर तुरंत संभाल लेते हैं काम

बीएस संवाददाता

इस समय तमाम कंपनियां कुशल पेशेवरों को नौकरी पर रखने के लिए जोर दे रही हैं, लेकिन उन्हें ऐसे उम्मीदवार बहुत कम मिल रहे हैं, जो आते ही जिम्मेदारी संभाल लें। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उद्योग जगत में केवल 9 प्रतिशत कंपनियां ही यह मानती हैं कि भर्ती किए गए नए स्नातक तुरंत काम करने लगते हैं। लेकिन 'द स्टेट ऑफ कॉलेज हायरिंग इन इंडिया-2026' शीर्षक से प्रकाशित इस रिपोर्ट के अनुसार 68 प्रतिशत छात्र मानते हैं कि वे नौकरी के पहले दिन से ही काम करने के लिए तैयार हैं।

'द स्टेट ऑफ कॉलेज हायरिंग इन इंडिया-2026' रिपोर्ट

वास्तव में 51 फीसदी कॉर्पोरेट अधिकारियों का कहना है कि नए स्नातकों को कंपनी के अनुसार उत्पादकता के साथ काम करने में कम से कम एक महीने या उससे भी अधिक समय लग जाता है। कभी-कभी इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण देने की भी जरूरत पड़ती है। केवल 5 फीसदी का कहना है कि नए भर्ती पेशेवरों में कौशल की कमी नहीं होती।

रिपोर्ट में मौजूदा जरूरतों के हिसाब से पाठ्यक्रम नहीं होने की बात भी कही गई है। लगभग 42 फीसदी कॉर्पोरेट दिग्गज कहते हैं कि नए नियुक्त किए गए लोग भले ही काम की प्रकृति को समझते हों, लेकिन उनमें कोडिंग और इंजीनियरिंग डोमेन टूल आदि व्यावहारिक तकनीकी कौशल की कमी होती है।

यही नहीं, 37 फीसदी कंपनी संचालकों का कहना है कि नए पेशेवरों में जिम्मेदारी से काम करने की भावना और जरूरी सक्रियता की कमी दिखती है। लगभग इतने ही लोगों का मानना है कि नए भर्ती होने वाले पेशेवरों में समस्या के समाधान प्रति सोच की कमी दिखती है। यह दर्शाता है कि केवल तकनीकी प्रशिक्षण काफी नहीं होता, बल्कि संबंधित काम से जुड़े समस्या समाधान, सकारात्मक नजरिया, काम की ललक भी जरूरी होती है।

रिपोर्ट में एक और खास बिंदु पर नजर डाली गई है। इसमें कहा गया है कि उद्योग की कौशल आधारित जरूरत और कॉलेज से आने वाले पेशेवरों की पढ़ाई-प्रशिक्षण में बहुत बड़ा अंतर दिखता है। देश में कौशल बढ़ाने पर जोर दिए जाने के बावजूद सर्वेक्षण में पाया गया है कि केवल 21 प्रतिशत कंपनियों ने अकादमिक प्रदर्शन को पूरी तरह नजरअंदाज किया, जबकि 51 प्रतिशत उद्योग अधिकारी नियुक्ति के समय सीजीपीए देखते हैं।

हायरप्रो में मुख्य परिचालन अधिकारी एस पशुपति कहते हैं, 'वर्षों से हमने भर्तियों में यही पैटर्न देखा है। वास्तव में संगठन पेशेवरों की पृष्ठभूमि देखने के बजाय उनमें योग्यता और क्षमता पर अधिक जोर देते हैं।' उन्होंने यह भी कहा, 'आप नौकरी का विवरण तो चुटकियों में लिख सकते हैं, लेकिन असली काम तो मूल्यांकन करने का है, जिसमें समय लगता है। वास्तविकता तो यही है। लगभग 21 फीसदी के पीछे की असली कहानी यही है। पेशेवरों में इच्छाशक्ति की कमी नहीं है, बल्कि परिचालन के अनुरूप प्रशिक्षित नहीं होते।

देश भर में 58 फीसदी कॉर्पोरेट भर्ती के दौरान किसी पेशेवर में 'सांस्कृतिक रूप से फिट और उसके व्यक्तित्व' को सबसे अधिक प्राथमिकता देते हैं। केवल 27 फीसदी छात्रों का मानना है कि नौकरी देने वालों के लिए ये कारक मायने रखते हैं। छात्र और कॉर्पोरेट्स दोनों ही अलग-अलग भर्ती मानदंडों के लिए स्वयं को तैयार कर रहे हैं।

छात्र कोडिंग क्षमता (85 फीसदी अनुमानित बनाम 67 फीसदी वास्तविक) और संचार कौशल (79 फीसदी बनाम 58 फीसदी) के महत्त्व को काफी अधिक आंकते हैं। छात्र कॉर्पोरेट्स डोमेन ज्ञान (48 फीसदी अनुमानित बनाम 67 फीसदी वास्तविक) और सीखने की चपलता (42 फीसदी बनाम 61 फीसदी) को कितना महत्त्व देते हैं। हालांकि दोनों समूह समस्या-समाधान, योग्यता एवं तर्क और एआई तथा उभरती हुई तकनीक के महत्त्व को समझते हैं।

रिपोर्ट में 10,000 से अधिक छात्रों, 80 से अधिक कॉर्पोरेट दिग्गजों जिसमें 100 से अधिक कॉलेज प्रतिभा भर्तीकर्ता और 100 से अधिक कॉलेजों के प्लेसमेंट अधिकारियों की राय शामिल की गई है। इसमें कॉलेजों और कंपनियों की सोच में बड़ा अंतर सामने आया है।

लगभग 96 फीसदी कॉलेज इस बात को मानते हैं कि अधिकांश कॉर्पोरेट ने पहले ही मन बना चुकी हैं कि केवल कौशल आधारित पेशेवरों को ही नौकरी पर रखना है, जबकि हकीकत यह है कि केवल 21 फीसदी कंपनियां ही पूरी तरह कौशल वाले कर्मचारियों को भर्ती करने की नीति पर चल पाई हैं। शेष कंपनियां भर्ती के लिए अभी भी पुराना तरीका या मिली-जुली नीति पर चल रही हैं।

महाराष्ट्रः स्कूलों के पास नहीं बिकेंगे कोल्ड ड्रिंक और बर्गर

सुशील मिश्र

महाराष्ट्र में सभी स्कूलों के 50 मीटर के दायरे में प्रसंस्कृत और डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों तथा उच्च वसा, चीनी और नमक वाले पेय की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके दायरे में वड़ा पाव, मिठाई, कोल्ड ड्रिंक, बर्गर आते हैं। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सख्त कदम उठाते हुए छोटे दुकानदारों, दूध डेरियों और मुंबई के नामी स्पोर्ट्स क्लब के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।


महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने उठाए सख्त कदम

महाराष्ट्र एफडीए ने स्कूल परिसर के 50 मीटर के दायरे में प्रसंस्कृत और डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों तथा उच्च वसा, चीनी और नमक वाले पेय की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रत्येक स्कूल के रसोई संचालक और स्कूलों में भोजन आपूर्तिकर्ता के पास खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत लाइसेंस होना चाहिए। एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे ने कहा कि बच्चों में स्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत यह कदम उठाया गया है। नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। नियमों का पालन नहीं होने पर सरकारी और निजी सभी स्कूलों पर कार्रवाई होगी।

राज्य सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों में खाद्य सुरक्षा और पोषण मानकों को लागू करने के लिए 27 जुलाई को एक अनुपालन आदेश जारी किया। इस कदम से महाराष्ट्र के लगभग 1.08 लाख स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग दो करोड़ छात्र लाभान्वित होंगे।

खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में गंभीर खामियां मिलने पर मुंबई के पांच प्रतिष्ठित क्लबों पर एफडीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके एफएसएसएआई लाइसेंस अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए हैं। एफडीए ने द क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया, आरके जुहू जिमखाना, द अपर्णा जुहू जिमखाना, बांद्रा पूर्व स्थित एमआईजी क्रिकेट क्लब और द विलिंग्डन स्पोर्ट्स क्लब पर कार्रवाई की है।